हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 21 जून 2026

**तापमान**

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

14 आत्मानंद में मनाया गया प्रवेश उत्सव मेधावी ...



14 राहुल के जन्मदिवस पर श्रमिकपारा में सेवा और ...





## खबर संक्षेप

### बाड़ी से महुआ शराब बरामद

**महासमुंद**। ग्राम चेरीडीपा सावित्रीपुर से एक व्यक्ति के घर बाड़ी से सांकरा पुलिस ने महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर आरोपी मनोज लहरे पिता मानसाय लहरे (32 साल) चेरीडीपा सावित्रीपुर के घर बाड़ी से करीब 25 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत करीबन 5000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पुराने विवाद को लेकर बुजुर्ग से मारपीट

**महासमुंद**। पुरानी रंजिश को लेकर बुजुर्ग के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम कोटादादर के फूलसिंग ध्रुव ने बताया कि 19 जून की शाम करीबन 6 बजे वह रंगमंच के सामने ग्राम कोटादादर में खड़ा था, उसी समय उसका पुत्र तीजराम ध्रुव व गांव के कौशिक ध्रुव, प्रेम ध्रुव, लोकनाथ ध्रुव आए और पुराने विवाद को लेकर मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### युवक के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। युवक के साथ मारपीट के डेढ़ साल पुराने मामले में सिटी कोतवाली थाने में दो आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी संतु नायक ने बताया कि उसका पुत्र शुभम नायक मानसिक रूप से कमजोर था, उसका इलाज चल रहा था। वह अपने मन से महासमुंद में घूमता रहता था और शाम तक घर वापस आ जाता था। संतु नायक ने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर 2024 को दोपहर लगभग 02 बजे उसे लोगों से पता चला कि शुभम जगत पान ठेला के पीछे पेड़ के नीचे पड़ा है। तब वह और उसकी पत्नि गीता नायक उसे लेकर आए तो देखा कि शुभम के हाथ पैर में चोट के निशान थे। पूछने पर उसने बताया कि उसके साथ नागेश राव मारपीट किया है तथा गालीगलौच करते हुए और जान से मारने की धमकी दे रहा था और उस समय सोहेल वारसी ने हाथ को पकड़ा हुआ था। इसके बाद उसने अपने बेटे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से निजी अस्पताल लेकर गये। इसके बाद फिर डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान प्रार्थी के पुत्र की मौत हो गई। जिसके पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा निमोनिया से मृत्यु हो जाना बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# निर्माणाधीन सड़क में फैली गिट्टियां राहगीरों के लिए बनीं जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिला मुख्यालय से तुमगांव तक बन रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य की धीमी गति और सड़क पर बिछाई गई गिट्टियां राहगीरों के लिए दुर्घटनाकारक बन रही हैं।

सड़क पर फैली गिट्टी के कारण साइकिल, मोटर साइकिल समेत अन्य वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। साइकिल व बाइक चालक इनसे फिसलकर गिर रहे हैं। वहीं नियमित पानी नहीं डालने धूल के गुबार से सराबोर हो रहे नागरिक कार्य में तेजी की मांग कर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रात्रि में चलने वाले राहगीरों को रही है। यह चौड़ीकरण का कार्य बीते एक साल से जारी है। तुमगांव से कौंदकेरा तक सड़क चौड़ीकरण के साथ डामरीकरण व साइड सोल्डर में मुरुम डालने का कार्य पूरा हो चुका है। कौंदकेरा के पास पुल निर्माण कार्य जारी है। वहीं कौंदकेरा से बेमचा तक निर्माण शुरू ही नहीं हुआ। बेमचा से महासमुंद तक चौड़ीकरण कार्य जारी है। जहां पहले सड़क उखाड़ने के बाद मुरुम डाला गया।

## मुख्यालय से तुमगांव तक सड़क निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार से लोग हलाकान



### ग्रामीणों के दबाव में सड़क डामरीकरण किया पूरा

बता दें कि तुमगांव और कौंदकेरा के आसपास सड़क को अधूरा छोड़ दिया था। डामरीकरण का कार्य शेष रह गया था। सड़क पर गिट्टयों के फैलने व धूल से लोग परेशान थे। गुस्साएं ग्राम कौंदकेरा ने ग्रामीणों ने तत्काल संबंधित ठेकेदार को बुलाकर सड़क पर डामरीकरण करने का दबाव बनाया, तब कहीं जाकर तुमगांव व और कौंदकेरा के बचे अधूरे डामरीकरण कार्य को पूरा किया।

### निर्माण कार्य के कछुआ चाल से आम लोगों में आक्रोश

ग्रामीणों व राहगीरों ने बताया कि बीते एक माह सड़क की यही स्थिति है। सड़क पर गिट्टी बिछा दी गई है। लेकिन, डामरीकरण कार्य नहीं किया जा रहा है। न ही सड़क पानी डाला जा रहा है। जिसके कारण सड़क किनारे दुकानदरों व राहगीर धूल से सराबोर हो रहे हैं। निर्माण कार्य की धीमी गति से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।


## बारिश : धान बोआई के कार्य में लगा ब्रेक, बारिश के बाद आएगी गति

# मानसून के अटकने से किसान परेशान, बारिश का है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- इधर, ईंधन और मजदूर संकट से भी किसानों को हो रही परेशानी, खाद बीज को लेकर भी चिंता

जिले में इस वर्ष मानसून की बेरुखी और बदले मौसम के मिजाज ने खरीफ सीजन की शुरुआत में ही किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जून का महीना आधा बीत जाने के बाद भी आसमान में बादलों की लुकाछिपी जारी है, लेकिन झमाझम बारिश का इंतजार खत्म नहीं हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, कमजोर सिस्टम के कारण बादलों की रफ्तार थम गई है, जिससे बुआई के कार्यों पर पूरी तरह से ब्रेक लग गया है। अन्नदाता सुबह से शाम तक केवल आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश की राह देख रहे हैं।



### वैज्ञानिकों की सलाहः खेतों को रखें तैयार

इस विकट स्थिति के बीच कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो किसान जब तक पर्याप्त और नियमित वर्षा न हो, तब तक बुआई की जल्दबाजी न करें। इस शुष्क अंतराल का उपयोग खेतों की गहरी जुताई करने, मेड़बंदी दुरुस्त करने तथा खरपतवार की सफाई करने में करें, ताकि आगामी दिनों में होने वाली मध्यम या भारी वर्षा का भरपूर लाभ फसल को मिल सके।

### ईंधन संकट और बढ़ती किल्लत ने बढ़ाई मुसीबत

एक तरफ जहां प्रकृति साथ नहीं दे रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक और आर्थिक मोर्चे पर भी किसानों को दो-चार होना पड़ रहा है। ऐन बोआई और जुताई के इस महत्वपूर्ण समय में क्षेत्र के ईंधन का भी संकट थम-थम कर सामने आ रहा है। जिसके कारण कई बार खेतों की जुताई के लिए ट्रैक्टर खड़े हो गए हैं। इस किल्लत ने कृषि लागत को बढ़ाने के साथ-साथ समय पर होने वाली कृषि गतिविधियों को पूरी तरह बाधित कर दिया है।

### बारिश के आंकड़े बता रहे 57% की भारी कमी

मौसम विभाग से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, महासमुंद जिले में 14 जून तक सामान्य रूप से करीब 36 मिमी औसत वर्षा दर्ज होनी चाहिए। इसके विपरीत, इस वर्ष अब तक महज 16 मिमी बारिश ही रिकॉर्ड की गई है, जो कि सामान्य से 57 प्रतिशत कम है। हालांकि, यह स्थिति पिछले वर्ष (2025) की तुलना में थोड़ी बेहतर है, जब इस अवधि तक मात्र 4 मिमी वर्षा हुई थी। विकासखंडवार आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति और भी चिंताजनक है। महासमुंद विकासखंड में केवल 9 मिमी, पिथौरा में 11.6 मिमी, बसना में 11.2 मिमी और बागबाहरा में 14.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि प्री-मानसूनी फुहारों से खेतों में थोड़ी बहुत नमी आई है, परंतु खरीफ फसलों की नियमित बुआई के लिए पर्याप्त नहीं है।

### मजदूर, खाद और बीज को लेकर गहराती चिंता

मानसून की अनिश्चितता और ईंधन संकट के बीच, कृषि क्षेत्र को मजदूर संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। बुआई और थरहा (नर्सरी) तैयार करने के लिए स्थानीय स्तर पर कामगारों की कमी महसूस की जा रही है, जिससे मजदूरी की दरें भी बढ़ गई हैं। इसके साथ ही, सोसायटियों और बाजारों में उन्नत किस्म के धान बीजों तथा आवश्यक खाद (जैसे यूरिया और डीएपी) के उठाव और उपलब्धता को लेकर भी कृषक वर्ग के भीतर गहरी चिंता व्याप्त है। किसानों को डर है कि यदि मानसून में और अधिक देरी हुई, तो उनके द्वारा संजोई गई खाद-बीज की व्यवस्था और पूरी फसल का चक्र बुरी तरह प्रभावित हो जाएगा।

# 26 लीटर शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 26 लीटर महुआ शराब, एक बाइक और मोबाइल जब्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 18 जून को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम देवरी स्थित मुक्तिधाम के पास एक व्यक्ति बाइक से ओडिशा निर्मित हिरण छाप महुआ शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान संदिग्ध मौलीपारा तेलीबांधा, रायपुर वर्तमान पता सुनसुनिया, थाना बागबाहरा निवासी अमीर बख्स कुरैशी (59) के कब्जे से 130 पाउच हिरण छाप महुआ शराब प्रत्येक 200 एमएल कुल 26 लीटर (कीमत 5,200 रुपये) बरामद की गई। इसके अलावा शराब परिवहन में प्रयुक्त एक बाइक भी जब्त की गई, पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि जब्त शराब भिलाईदादर निवासी नरेश मल्होत्रा (36) की है, जिसने उसे 500 रुपये मजदूरी देकर शराब बिक्री के लिए लगाया था। पुलिस जांच में सामने आया कि नरेश मल्होत्रा क्षेत्र का आदतन अपराधी है और कोमाखान क्षेत्र में अवैध शराब का सिंडिकेट संचालित कर रहा था। उसके खिलाफ थाना कोमाखान में पूर्व से ही भारतीय दंड संहिता, आबकारी अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत करीब 20 मामले दर्ज हैं। प्रकरण में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## किसानों के खाते में पहुंचे 25.23 करोड़ रुपए

**महासमुंद**। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 23वीं किश्त की राशि का हस्तांतरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वेबकास्ट के माध्यम से पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, जिला हुगली से किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर महासमुंद में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसान एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत महासमुंद जिले के 1 लाख 26 हजार 154 किसानों के बैंक खातों में कुल 25 करोड़ 23 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका देवीचंद राठी, जनपद पंचायत महासमुंद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के महत्व की जानकारी दी गई।

## सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराए बाइक सवार, एक की मौत दूसरा घायल

**महासमुंद**। बागबाहरा-खरियार रोड राष्ट्रीय राजमार्ग चंदरपुर पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया वहीं मृत युवक के शव को पीएम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भालुचुंआ निवासी छबि ठाकुर (18) अपने चाचा पेसराज ठाकुर के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान चंदरपुर पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से उनकी बाइक पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छबि ठाकुर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि पेसराज ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने दुर्घटना में घायल पेसराज को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे महासमुंद रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक पेसराज ठाकुर की स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है और वह कोमा में हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि चंदरपुर पेट्रोल पंप के आसपास बड़ी संख्या में होटल, ढाबे और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित हैं। इसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर अव्यवस्थित ढंग से भारी वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। सड़क किनारे खड़े ट्रक आए दिन दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं।

### स्कूली छात्रों के बीच विवाद, सुलह के दौरान मारपीट

महासमुंद। स्कूली छात्रों के बीच हुए विवाद को सुलझाने के दौरान छात्र व एक अन्य व्यक्ति साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामला कोलिहादेवरी के मिडिल स्कूल का है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को धनुर्जय पिता हीरालाल पटेल (37 वर्ष) धुमाभाठा चौकी भंवरपुर ने बताया 19 जून को करीबन 2.30 बजे कोलिहादेवरी मिडिल स्कूल का चपरासी प्रफुल्ल बंजारा घर आया और बोला कि स्कूल के शिक्षक आपको और आपके लड़के को स्कूल में बुला रहे हैं, तब वह अपनी पत्नी और लड़के के साथ स्कूल पहुंचा। स्कूल के शिक्षक, सरपंच, स्कूल समन्वयक व स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा सहित ग्राम गोहेदादर के 05-08 लोग भी वहां मौजूद थे। स्कूल जाने पर पता चला कि प्रार्थी के लड़के को उस छात्रा ने दो झापड़ मारा थे, जिसके बाद लड़के ने भी छात्रा को एक तमाचा मारा। इस विवाद को सुलझाने के लिए शिक्षक, सरपंच, स्कूल संमन्वयक दोनों पक्षों को बुलाया गया था। दोपहर करीबन 03.30 बजे के आसपास शिक्षक दोनो पक्षों को समझा रहे थे। इसी बीच छात्रा के मामा अमित प्रधान निवासी गोहेदादर ने आक्रोशित होकर प्रार्थी के पुत्र को गाली देते हुए तुमने मेरी भांजी को मारा है कहकर जान से मारने की धमकी दी और हाथ मुक्का से नाक मुंह को मारा, जिससे लड़के के नाक से खून निकलने लगा। घटना को देखते हुए प्रेमचंद पटेल द्वारा बीच बचाव करने पर उसके साथ भी आरोपी ने हाथ मुक्का से मारपीट की। इसके बाद अमित प्रधान फरार हो गया और प्रार्थी का आरोप है कि वहां उपस्थित छात्रा की मां ने उसके पुत्र को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी है। मामले में प्रार्थी के लिखित रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत विवेचना में लिया गया है।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों से 12वीं के उपरांतों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) मॉस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपपेज हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी असिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रंगग | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| नवापारा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोण्डागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12वीं कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत :** अनुसूचित जाति 40%, अनुसूचित जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक

**दिव्यांगों सैनिक/स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।**

**नोट :-**

1. आवेदन निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरें। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिखकर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा प्राप्त तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा।
2. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं वे अपने परिणाम की ऑनलाइन प्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं।
3. स्थानीय उम्मीदवारों को सीटें मैरिट द्वारा काउन्सलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंन्सलिंग के लिए पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
6. प्रवेश केवल निर्धारित प्रक्रिया (काउंन्सलिंग) द्वारा होगा। किसी भी प्रकार का सीधा प्रवेश अवैध/अमान्य है।

**डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 10/07/2026 तक    कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 31/07/2026 तक**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

प्रति,

संचालक

पैरामेडिकल संस्थान, महिन्द्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास संजीवनी हॉस्पिटल गोबरा नवापारा रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन- 493881

महोदय,

(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूं?

1. आवेदक का नाम..............................2. पिता/पति..............................

3. जन्म तिथि अंकों में..............................4 वर्ग :- अनुसू. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]

5. पत्र व्यवहार का पता- ग्राम..............................पोस्ट..............................तहसील..............................

..............................जिला..............................पिन कोड [ ]

मो. नं. 1..............................मो. नं. 2..............................वाट्सअप नं..............................

6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं..............................

7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881**

NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक- 36989


## 25 जुलाई से 4 माह तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

# मांगलिक कार्यों में आई तेजी, बाजार गुलजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

अधिकमास समाप्त होने के साथ ही 15 जून से शुभ कार्य व विवाह शुरू हो रहे हैं। पंडितों, पंचांग व ज्योतिष शास्त्र के जानकारों के अनुसार जून-जुलाई में शादी के लिए केवल 14 शुभ मुहूर्त हैं। बाद फिर 4 माह के लिए मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाएगी। साल 2026 में विवाह के प्रमुख शुभ मुहूर्त जून और जुलाई में हैं। बाद अगस्त से अक्टूबर तक देवशयनी एकादशी व चातुर्मास के कारण मांगलिक कार्य नही होंगे।

बागबाहरा निवासी पं. हरीश दुबे बताते हैं कि 25 जुलाई से चातुर्मास प्रारंभ हो रहा है। चातुर्मास में भगवान विष्णु योग निंद्रा में चले जाते हैं। नवंबर के अंत में देवउठनी एकादशी से विवाह के शुभ मुहूर्त दोबारा शुरू होंगे। पं. दुबे ने बताया कि पंचांग के अनुसार जून में 19, 22, 23, 26, 27, 28, 29 तारीख और जुलाई में 1, 6 व 7 को तारीख को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। इसके अतिरिक्त नवंबर में 21, 24, 25, 26 और दिसंबर में 2, 3, 11 12 तारीख को, जनवरी माह में 19, 23, 24, 25, 26, 30 व 31 को तथा फरवरी माह में 2, 9, 10, 15,16, 27 व 28 और मार्च में 1 , 2, 9 व 10 तारीख को विवाह के मुहूर्त हैं।

### बाजार में लौटी रौनक

विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू होते ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। कपड़ा, ज्वेलरी, बर्तन, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स और सजावटी सामानों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। विवाह समारोहों की तैयारियों में जुटे परिवार खरीदारी के लिए बाजारों का रुख कर रहे हैं, जिससे व्यापारियों में उत्साह है।

### दिहाड़ी मजदूरों को भी मिलने लगा रोजगार

शहर के प्रमुख बाजारों में सुबह से देर शाम तक खरीदारों की आवाजाही बनी हुई है। कपड़ों की दुकानों पर दूल्हा-दुल्हन के परिधानों के साथ-साथ रिश्तेदारों के लिए भी नए परिधानों की खरीदारी हो रही है। वहीं सराफा बाजार में सोने-चांदी के आभूषणों, फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में भी ग्राहकों की संख्या में इजाफा हुआ है। कैटरिंग व्यवसाय, फूल सजावट, टेंट, लाइटिंग और बैंड-बाजा व्यापारियों का कहना है कि शादी-सीजन में छोटे व्यापारियों, कारीगरों, दर्जियों, हलवाइयों, वाहन संचालकों और दैनिक मजदूरों को भी रोजगार के अवसर मिलते हैं।

**खबर संक्षेप**

## जूनियर डाक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च

**रायपुर।** जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के आह्वान पर छत्तीसगढ़ के डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, इंटर्न्स एवं पीजी रेजिडेंट्स के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ती आउटसोर्सिंग तथा इंटर्न एवं पीजी विद्यार्थियों के लंबित एवं अपर्याप्त स्टाइपेंड के विरोध में शुक्रवार को एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च आयोजित किया गया। पदाधिकारियों के मुताबिक यह प्रदर्शन प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था, चिकित्सा शिक्षा और भविष्य के चिकित्सकों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमारी सामूहिक आवाज़ था। जूडा अध्यक्ष डा. पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में यहां दी जाने वाली शिष्यवृति काफी कम है। जबकि जूनियर डाक्टर चिकित्सा महाविद्यालयों की रीढ़ की हड्डी है। उन्होंने कहा कि यहां चिकित्सकों को पर्याप्त संख्या में रोजगार उपलब्ध नहीं है और विभाग स्वास्थ्य सेवाओं में आउटसोर्सिंग की योजना बना रहा है।

# आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण के निर्देश

### ओटीपी को प्राथमिकता देने वाले उचित मूल्य दुकान संचालकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन सामग्री वितरण को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए आधार प्रमाणीकरण (बायोमेट्रिक) के माध्यम से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर लंगेह ने सभी सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्देशानुसार जिले की सभी ऑनलाइन उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण (बायोमेट्रिक) के जरिए ही राशन सामग्री वितरित की जाएगी। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत आधार आधारित प्रमाणीकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। जिन राशन कार्डों में मुखिया एवं सभी सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण है, उनमें खाद्यान्न वितरण केवल आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जाएगा। वहीं, नॉमिनी के माध्यम से राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के लिए भी नॉमिनी का आधार प्रमाणीकरण आवश्यक होगा। विशेष परिस्थितियों में ही ओटीपी आधारित वितरण की अनुमति रहेगी। इसमें ऐसे राशन कार्ड शामिल होंगे जिनमें सभी सदस्य 60 वर्ष से अधिक या 10 वर्ष से कम आयु के हो, एकल निराश्रित अथवा निःशक्तजन हितग्राही हों तथा आधार प्रमाणीकरण का प्रयास विफल हो गया हो। ऐसी स्थिति में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जा सकेगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि आधार प्रमाणीकरण में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर उचित मूल्य दुकान संचालक तत्काल संबंधित खाद्य निरीक्षक और तकनीकी टीम को सूचित करें, ताकि समस्या का शीघ्र निराकरण किया जा सके। नेटवर्क कनेक्टिविटी विहीन उचित मूल्य दुकानों में ही ऑफलाइन वितरण की अनुमति होगी। जिले में ओटीपी के माध्यम से किए जा रहे खाद्यान्न वितरण पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक नियमित रूप से उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण करेंगे तथा ओटीपी से वितरण किए गए मामलों का भौतिक सत्यापन करेंगे। प्रत्येक सप्ताह विस्तृत जांच प्रतिवेदन एवं पंचनामा तैयार कर निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कलेक्टर लंगेह ने निर्देशित किया है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण पाए जाने पर संबंधित उचित मूल्य दुकान संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निगरानी में लापरवाही बरतने वाले सहायक खाद्य अधिकारियों एवं खाद्य निरीक्षकों के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए पात्र हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से ही खाद्यान्न वितरण कराएं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बेलसोंडा में होगा 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून 2026 रविवार को बेलसोंडा स्थित राम सप्ताह चौक में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। गायत्री परिवार एवं गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, नैतिकता, सद्विचार एवं संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन और आध्यात्मिक जागरण का संदेश प्रसारित करना है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 7 से 8 बजे तक सामूहिक योगासन एवं प्राणायाम के साथ होगी। इसके बाद सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक देव पूजन, 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ तथा विभिन्न संस्कारों का आयोजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 12 से 1 बजे तक प्रज्ञागीत, युगसंगीत, युगसंदेश एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि गायत्री महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि व्यक्ति, परिवार और समाज में सद्भावना, नैतिक मूल्यों एवं सकारात्मक सोच के विकास का एक सशक्त माध्यम है। यज्ञ के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करने और समाज को संस्कारवान बनाने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की सहभागिता रहेगी। ग्राम प्रतिनिधियों में सरपंच प्रीति धीवर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर तथा समाजसेवी दाऊ योगेश चंद्राकर की विशेष भूमिका रहेगी। समस्त ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अपने परिवार सहित इस पुण्य आयोजन में शामिल होकर यज्ञ, योग और संस्कारों से जुड़े इस आध्यात्मिक महाअभियान का हिस्सा बनें तथा पुण्य लाभ प्राप्त करें।





## लोहिया चौक में भाजपा शहर मंडल महासमुंद ने उत्साहपूर्वक मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोहिया चौक में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग गुरु तिलक साव ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण देते हुए स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए नियमित योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य परंपरा है, जो व्यक्ति अमन शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शहर मंडल महामंत्री मीना वर्मा, उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, अरविंद प्रहरे, अमन वर्मा, पार्षद शुभ्रा शर्मा, पीयूष साहू, भारती चंद्राकर, माखन पटेल, सुधा साहू, कौशल्या बंसल, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, भगवती करकसे, देवेंद्र चंद्राकर, मनीष शर्मा, नंदू जलक्षत्री, नईम खान, हनीश बग्गा, पांडुरंग मदनकर, गोविंद सिंह ठाकुर, परमानंद साहू, दुर्गा सर्वा, पुष्पांजलि सिन्हा, नेहरू बघेल, आयुष दुबे, ललित माझी, गोपाल प्रधान, सुरेश साहू, हरेंद्र सिंह एवं कुशल साहू सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए लक्ष्मी भोई का हुआ चयन

**सरायपाली।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी की छात्रा लक्ष्मी भोई का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 में होने पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि वर्तमान सत्र में अब तक विद्यालय से 74 विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में हो चुका है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि विद्यालय के प्रधान पाठक ओमप्रकाश साव, शिक्षक कमल नारायण भोई एवं डोलामणी चौहान के सतत मार्गदर्शन, मेहनत एवं विद्यार्थियों के नियमित अभ्यास का परिणाम है। सम्मान समारोह के दौरान लक्ष्मी भोई को विद्यालय परिवार की ओर से तिलक लगाकर मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं बुक्के भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति परीक्षाओं की तैयारी, नियमित अध्ययन तथा लक्ष्य निर्धारण के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। अपने



उद्बोधन में लक्ष्मी भोई ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन, माता-पिता के सहयोग तथा अपनी निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अध्ययन कर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को प्रति वर्ष 12,000 की छात्रवृत्ति राशि चार वर्षों तक प्रदान की जाती है, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई में आर्थिक सहयोग प्राप्त होता है। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि लक्ष्मी भोई की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा भविष्य में भी विद्यालय के छात्र-छात्राएँ इसी प्रकार उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन करेंगे।

## डाइट में नशामुक्त भारत सप्ताह अंतर्गत व्याख्यान माला हुआ

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में प्राचार्य अरुण प्रधान एवं उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के संयोजन में नशामुक्त भारत सप्ताह अंतर्गत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त अकादमिक एवं कार्यालयीन स्टाफ को संबोधित करते हुए प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि हम सभी को स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देते हुये सभी प्रकार के नशा से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक टेकराम सेन ने कहा कि 21 जून विश्व योग दिवस पर नशे के विरुद्ध योग फॉर वेलनेस कार्यक्रमों का आयोजन संस्थाओं में किया जा रहा है। हमें अधिकाधिक रुप से योग एवं योगाभ्यास के लाभ को प्रचारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी शैक्षिक संस्थाओं को आव्हान करते हुए कहा कि इस दिन स्कूली छात्राओं एवं अभिभावकों को प्रेरित की जावे। इस अवसर पर संस्थान के व्याख्याता संतोष साहू, सहायक प्राध्यापक सुलमा द्विवेदी, के सिंग, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, तिलोतमा प्रधान, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, कार्यालयीन स्टाफ से सुनील मरकाम, सुनील साहू, सुषेण दीवान, योगेंद्र पांडे, आकांक्षा साहू, प्रदीप साहू, मीना साहू, गरिमा सिंह राजपूत, तरुण चंद्राकर, अजय, उदित एवं हीरामन ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण सर्वोपरि इसलिये हमें नशा के खिलाफ अभियान चलाने की जरुरत है।

# सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान भाजपा की विफलता छिपाने का प्रयास : आलोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जीव जंतु कल्याण बोर्ड छग शासन के उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 19 जून को घोषित 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान को भाजपा सरकार की हताशा का सबूत बताया। चंद्राकर ने कहा कि जब 'सुशासन तिहार' के नाम पर लगाए गए शिविर पूरी तरह फ्लॉप हो गए और जनता तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचा, तो अब सरकार उसी असफल फॉर्मूले को नए नाम से दोहराकर सरकारी धन की बर्बादी की तैयारी कर रही है।

चंद्राकर ने सवाल उठाए हैं कि सरकार पहले ये बताए कि पिछले महीने 1 मई से 10 जून तक पूरे प्रदेश में मनाई गई सुशासन तिहार के नाम



पर जो शिविर लगे, उनसे कितने पात्र परिवारों को लाभ मिला? कितनी शिकायतों का निराकरण हुआ? अगर वो अभियान सफल था तो 19 जून को नए सिरे से 23 जिलों में 31 योजनाओं के संयुक्त शिविर लगाने की घोषणा क्यों करनी पड़ी? सुशासन तिहार में भी योजनाओं की पहुंच का दावा किया गया था। अब 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' में वही बात दोहराई जा रही है। क्या यह मान लिया जाए कि पहला अभियान फेल हो गया? जनता की गाढ़ी कमाई को बार-बार एक ही तरह के प्रचार शिविरों में उड़ाना कहां का सुशासन है? सरकार की नीयत में खोट का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि 'नियद नेल्लानार' हमारी सरकार की योजना थी जिसे इन्होंने बंद किया। पौने 3 साल में हर क्षेत्र में विफल सरकार अब उसी को रंग-रोगन करके 19 जून को जनता के सामने परोसने की तैयारी करने की घोषणा की है। न नाम बदला, न काम बदला - बस जनता को भ्रमित करने की नीयत नई है। आलोक चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था, महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। शिविरों के नाम पर करोड़ों रुपये फूंकने से बेहतर है कि सरकार राशन, पेंशन, स्वास्थ्य और रोजगार पर ध्यान दे। उन्होंने मांग की है कि 'सुशासन तिहार' पर खर्च हुए बजट और उसके परिणामों का श्वेत पत्र जारी किया जाए, ताकि जनता को पता चले कि 19 जून को घोषित 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' भी कहीं उसी का दूसरा भाग तो नहीं।



## दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए बेलसोंडा में प्रशिक्षण आयोजित

**महासमुंद।** राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के निर्देश तथा संकुल प्राचार्य डीएन जांगड़े के मार्गदर्शन में शुक्रवार को संकुल स्त्रोत केंद्र बेलसोंडा में दिव्यांगता सर्वेक्षण संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत बेलसोंडा, नांदगांव एवं मुढ़ेना के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता, मितानिन (आशा कार्यकर्ता), शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संस्था प्रमुखों के साथ हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के नोडल शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। प्रशिक्षण का संचालन संकुल समन्वयक सुरेश कुमार पटेल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उनका सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके लिए सभी संबंधित कर्मचारियों एवं शिक्षकों को सर्वे प्रपत्र वितरित करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि दिव्यांग बच्चों को विद्यालयों में दर्ज कर सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ दिलाकर आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग करना भी इस सर्वेक्षण का लक्ष्य है। कार्यक्रम के अंत में संकुल स्त्रोत केंद्र बेलसोंडा की ओर से सभी उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, नोडल शिक्षकों एवं संस्था प्रमुखों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# क्षतिग्रस्त पाइपलाइन व गंदगी से परेशान बस स्टैंड का नपा उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने शिकायत पर फूटी पाइपलाइन व गंदगी से परेशान बस स्टैंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि दाल-भात सेंटर के पीछे पाइपलाइन से 24 घंटे पानी बह रहा है। वहीं हर्षादिक भोजनालय के सामने सड़क पर पाइप फटा हुआ है। जिसके कारण सड़क डेमेज हो रही है।

दाल-भात सेंटर के पीछे बड़े क्षेत्र में गंदे पानी की बदबू आ रही है। सुअरों के कारण और आसपास गंदगी ज्यादा हो रही है। वहीं बस स्टैंड के हॉल में झाला लटक रहा है। इन सब शिकायतों को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा को दूरभाष पर जानकारी दी गई। नपा उपाध्यक्ष राठी ने शीघ्र निरीक्षण कर पाइपलाइन में जो डेमेज है उसे तत्काल सुधरवाने को कहा। गड्ढों में



सूखा मलबा डालकर सड़क के बराबर करने को कहा गया, जिससे गड्ढों में गंदा पानी का भराव नहीं होगा। बस स्टैंड के आसपास बरसात के पूर्व सफाई दस्ता लगाकर गंदगी की सफाई करने को कहा गया। बस स्टैंड के हॉल में मुसाफिरों के लिए पंखे की व्यवस्था कराने को कहा गया। सब्जी बाजार व आसपास के व्यापारियों से राठी ने अपील करते हुए कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में कचरा डालें, अन्यत्र न डालें। इधर-उधर कचरा फेंकने से कलेक्शन में सफाई कर्मचारियों को तकलीफ होती है। सभी कचरे को ट्रैक्टर-ट्रॉली में ही रखें।

# संगठन की मजबूती और कर्मचारी हितों पर हुई चर्चा, प्रदेशभर से जुटे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में आम सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष ईश्वर राम जगत ने की। जबकि, मुख्य अतिथि के रूप में प्रांताध्यक्ष राजेश कुमार निषाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कांकेर, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, धमतरी और दुर्ग सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए।

कर्मचारी हितों और संगठन की मजबूती पर मंथन

आयोजित आम सभा में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।



उपस्थित पदाधिकारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कर्मचारी कल्याण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### विशिष्ट अतिथियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुंद के अधीक्षक प्रवीण कुमार पाण्डेय, उपाधीक्षक अखिलेश गुप्ता, जिला नाजिर संजय सिंह यादव और राजीव लोचन जोल्हे उपस्थित थे। साथ ही कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष नितेश कुमार पठारे, कोषाध्यक्ष छम्मन लाल भारती, उपाध्यक्ष संतोष सहिस और सह-सचिव मीरजी यादव भी मंच पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ईश्वर राम जगत, सचिव अजय खरे, उपाध्यक्ष जगमोहन यादव व नेहरू जगत और कोषाध्यक्ष भुवन लाल ध्रुव सहित समस्त लघु वेतन कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। मंच संचालन संघ के मीडिया प्रभारी अरविन्द देवदास ने किया।

# आवास मेला-2025 के लकी ड्रॉ विजेताओं की घोषणा 22 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने वर्ष 2025-26 में आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों के विक्रय के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मंडल द्वारा अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान लगभग 5,145 संपत्तियों का विक्रय किया गया, जिसका कुल मूल्य 1,104 करोड़ रुपए से अधिक है। यह मंडल के इतिहास का अब तक का सर्वाधिक वार्षिक विक्रय है। शासन द्वारा संचालित वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस-2) योजना अंतर्गत हितग्राहियों को 30 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की गई, जिससे लगभग 1,533 संपत्तियों का विक्रय हुआ। इस योजना के माध्यम से लगभग 232.30 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां विक्रय हुईं तथा बड़ी संख्या में मध्यम एवं निम्न आयवर्ग के परिवारों को लाभ मिला। आवास मेला-2025 तथा उसके बाद 31 दिसंबर 2025 तक मंडल की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं में पंजीयन कराकर भवन आवंटन प्राप्त करने वाले पात्र हितग्राहियों के लिए विशेष लकी ड्रॉ आयोजित किया जा रहा है। लकी ड्रॉ के विजेताओं को मारुति स्विफ्ट कार, होंडा शाइन मोटरसाइकिल, एक्टिवा स्कूटी, वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, टेलीविजन सहित अनेक आकर्षक उपहार प्रदान किए जाएंगे। लकी ड्रॉ का आयोजन 22 जून सोमवार को दोपहर 3 बजे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मुख्यालय, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर में मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव की उपस्थिति में किया जाएगा।

# कलेक्टर ने अग्निवीरों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

**महासमुंद।** मां महामाया स्पोर्ट्स एंड डिफेंस एकेडमी (निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र) महासमुंद में प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय थलसेना में अग्निवीर के रूप में चयनित युवाओं का कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में कलेक्टर लंगेह ने युवाओं को राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने और अनुशासन, मेहनत तथा लगन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने एकेडमी के महिला सेना, पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को भी प्रेरित करते हुए सफलता के लिए निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे ने सेना के सिपाही से लेकर शिक्षक, फूड इंस्पेक्टर और डिप्टी कलेक्टर बनने तक के अपने जीवन अनुभव साझा किए। उन्होंने शिक्षा, खेल, समय प्रबंधन और शिष्टाचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभ्यर्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।



समारोह में एकेडमी के संचालक एवं आर्मी एडवेंचर ट्रेनर पुरुषोत्तम डनसना (पूर्व सैनिक), चन्द्रहास साहू (शारीरिक/खेल एवं एनसीसी शिक्षक) तथा फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय बागबाहरा के संचालक निरंजन साहू, सम्मानित अग्निवीरों में सरायपाली से रूपधर नेताम, छिंदपाली से ओमप्रकाश गड़तिया, नवरंगपुर से उमेश निषाद, अरेकेल, बसना से गनेसर साव, बागबाहरा से कमल दीवान एवं अचानकपुर से चूड़ामणि पटेल सम्मानित हुए। समारोह में महिला सेना, पुलिस एवं विभिन्न सुरक्षा विभागों की तैयारी कर रही अभ्यर्थी रुपेश्वरी, डोमेश्वरी, ईश्वरी, टीनम, लक्ष्मी, पूजा, लीना, खुशी और दुलारी सहित पुरुष अभ्यर्थी मेघराज, आशीष, आदित्य, त्रिलोक और निखिल भी शामिल हुए। उन्होंने चयनित अग्निवीरों से सफलता के सूत्र सीखे और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप



## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर वरिष्ठ शिक्षाविदों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण करने पर भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा शहर में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ शिक्षाविदों एवं शिक्षकों के निवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया गया। भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी केआर चंद्राकर सहित वरिष्ठ शिक्षकों कुसुम शर्मा, खेलूराम चंद्राकर, सतीश पांडेय, आनंद तिवारी पौराणिक तथा आरके श्रीवास्तव का फल, गमछा एवं तिलक लगाकर सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविदों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक पहल की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ महासमुंद के जिला सहसंयोजक विष्णु चंद्राकर, कार्यसमिति सदस्य चंद्रशेखर गौर तथा सह-कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से हितग्राही परिवार को मिला 2 लाख का बीमा लाभ

**महासमुंद।** केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत ग्राम पंचायत छिबर्रा निवासी स्वर्गीय जमुना बाई दीवान के नामांकित हितग्राही को 2 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। जमुना बाई दीवान का 28 मार्च को निधन हो गया था। उनके नाम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पिथौरा में बैंक खाता संचालित था, जिसमें किशन दीवान को नॉमिनी के रूप में नामांकित था। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत सामान्य मृत्यु होने पर पात्र नॉमिनी किशन दीवान को 2 लाख की बीमा सहायता राशि स्वीकृत कर प्रदान की गई। इस सहायता राशि से परिवार को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ है। बीमा दावा प्रक्रिया के सफल निराकरण में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पिथौरा के शाखा प्रबंधक ज्ञान रंजन खुटे का विशेष योगदान रहा। साथ ही जनपद पंचायत के अधिकारी डीएल बरिहा बीपीएम, कृष्णा दीवान पीआरपी, आबिद अली एफएलसीआरपी, गायत्री यादव एवं बैंक मित्र पद्मा पैकरा द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। जिला अग्रणी बैंक कार्यालय, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता एवं जनजागरूकता शिविरों के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कम प्रीमियम में मिलने वाली यह बीमा योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए कठिन समय में आर्थिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।

## नया जीवन नशा मुक्ति केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन

**रायपुर।** नया जीवन नशा मुक्ति केंद्र गोकुल नगर में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नशा मुक्ति केंद्र के मरीजों एवं संस्थान के कर्मचारियों एडिक्शन काउंसलर प्रशांत मिश्रा, सेंटर इंचार्ज संदीप राय एवं गौरव राठौर, दुर्गेश ठाकुर सहित 15 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

# नाचा गम्मत कार्यशाला में शामिल हो रहे प्रदेशभर के कलाकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्रा

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पारंपरिक लोक विधा छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनमोल धरोहरों में से एक नाचा गम्मत (लोक नाट्य) के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के उद्देश्य से अनुराग साहित्य एवं कला संस्था कुरूद (कठौली) एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के सहयोग से पांच दिवसीय नाचा गम्मत कार्यशाला में धमतरी जिले के कठौली में युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रदेशभर से सैकड़ों युवा कलाकार प्रशिक्षण में हिस्सा लिए। आधुनिकता के इस दौर में भी लोक कलाकारों और प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें



नाचा गम्मत स्वस्थ मनोरंजन शैलियों, संवाद, अदायणी, पारंपरिक संगीत और अभिनय के गुर के साथ में सामाजिक जागरूकता लाने कार्य सामाजिक जनचेतना लाने का कार्य, सामाजिक कुरीतियां मिटाने का कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, अंधविश्वास, नशा उन्मूलन पर आधारित नाटकों, हास्य व्यंग एवं उनके चुटीले संवादों के माध्यम से गुर सिखाए गए।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उदेश्य हमारी धरोहर और लोक संस्कृति को लुप्त होने से बचाना तथा प्रदेशभर के प्रतिभावान कलाकारों को एक सही मंच प्रदान करता है। आज की युवा पीढी जहां डिजीटल मनोरंजन की और आकर्षित हो रही है। वही नाचा गम्मच जैसे पारंपरिक लोक मंच से सैकड़ों युवाओं का जुड़ना यह साबित करता है हमारी लोक संस्कृति की जड़े आज भी बेहद मजबूत है। प्रशिक्षण अजय उमरे, कामता साहू, परमेश्वर बर्रा द्वार दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष रजीत चक्रधारी ने बताया कि यह आयोजन निशुल्क है। कार्यशाला में अनुराग साहित्य एवं कला संस्थान कठौली के अध्यक्ष प्रशांत सोनवानी ने प्रशिक्षण ले रहे।

## किसानों की खुशहाली के लिए डबल इंजन सरकार संकल्पबद्ध : भाऊराम

**महासमुंद।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ सीजन 2026 के लिए किसानों के हित में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। साहू ने कहा कि पहली बार दलहन और तिलहन को न्यूनतम समर्थन मूल्य का सुरक्षा कवच मिला है। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में तुअर, उड़द, मूंग, सोयाबीन और मूंगफली की एमएसपी पर खरीद को मंजूरी दी है। 21,330 मीट्रिक टन तुअर और 25,530 मीट्रिक टन उड़द समेत कुल 55,520 मीट्रिक टन फसल की सरकारी खरीदी होगी। जिससे किसानों को औने-पौने दाम से मुक्ति मिलेगी। साथ ही फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए कृषक उन्नति योजना का दायरा बढ़ाया गया है। अब खरीफ 2026 से धान की जगह दलहन, तिलहन, मक्का, कपास, कोदो-कुटकी और रागी जैसी फसलें लेने पर किसानों को 15,000 रुपये प्रति एकड़ की सीधी आदान सहायता मिलेगी। खरीफ 2025 में यह राशि 10,000 रुपए थी। इससे मिट्टी की सेहत सुधरेगी और भूजल स्तर भी बचेगा। धान उत्पादक किसानों के लिए भी सरकार संवेदनशील है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई और 25.24 लाख किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि दी जा रही है। कृषक उन्नति योजना से अब तक कुल 35 हजार करोड़ रुपए किसानों के खातों में पहुंच चुके हैं। भाऊराम ने कहा कि खरीफ सीजन से पहले खाद-बीज की पूरी तैयारी कर ली गई है। केंद्र से 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित हुआ है और अभी गोदामों में 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। कालाबाजारी रोकने के लिए उड़नदस्ता दल सक्रिय हैं। बीज की दरें भी तय कर दी गई हैं। धान मोटा 3,478 रुपए, धान पतला 3,919 रुपए, सोयाबीन 9,573 से 9,805 और अरहर 13,220 रुपए प्रति क्विंटल। सरकार नैनो यूरिया, जैविक खाद और हरी खाद के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। साहू ने कहा कि विष्णुदेव सरकार का नारा है 'किसानों की मुस्कान ही मेरी पूंजी'। एमएसपी पर दलहन-तिलहन की खरीदी और फसल बदलने पर सीधा अनुदान, ये दोनों फैसले खेती की तस्वीर बदल देंगे।



# दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत हितग्राही को मिली ई रिक्शा



**महासमुंद।** महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अनुशंसा पर दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत एक महिला हितग्राही को ई-रिक्शा मिली। योजना के तहत ई रिक्शा मिलने पर हितग्राही महिला ने छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया। शहर की वार्ड क्रमांक 02 निवासी सुमित्रा भोई ने कहा कि वें मजदूर हैं और उनका पंजीयन श्रम विभाग में है। उन्हें इस योजना की जानकारी मिली तो उन्होंने इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म भरा और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अनुशंसा पर उन्हें आज ई-रिक्शा मिल गया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों और असंगठित कर्मकारों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि महिला श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना ही इस योजना का मुख्य लक्ष्य है। इससे महिलाएं अपने स्वयं के रोजगार प्राप्त कर रही हैं। इससे उनमें आत्मनिर्भरता आ रही है। केंद्र एवं राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रत्येक वर्ग के लिए लोक कल्याणकारी योजनाओं की सौगात दे रही है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता रेखा बेहरा, हनीश बग्गा आदि मौजूद रहे।

## दुबेलाल भाजपा किसान मोर्चा के गरियाबंद जिला प्रभारी नियुक्त

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र एवं भाजपा मंडल कोमाखान के ग्राम अमेरा निवासी भाजपा कार्यकर्ता एवं किसान नेता दुबेलाल साहू को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्व सौंपते हुए गरियाबंद जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। दुबेलाल लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी एवं किसान मोर्चा के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। कार्यकर्ताओं की मानें तो पहली बार कोमाखान अंचल के किसी साधारण एवं जमीनी कार्यकर्ता को गरियाबंद जैसे जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने मिठाई बांटकर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि दुबेलाल के नेतृत्व एवं अनुभव का लाभ गरियाबंद जिले के किसानों और संगठन को मिलेगा। उनकी नियुक्ति से किसान मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी तथा संगठन और अधिक सशक्त होगा। साथ ही क्षेत्र के युवा एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को भी संगठन में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त होगी।





## बंसुला स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

**बसना।** शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला बंसुला में नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। दीप यज्ञ एवं रामायण मंडली बंसुला के संगीतमय भजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जन्मजय साव जनपद सदस्य, नवीन साहू सरपंच, एनके पंडा प्राचार्य कन्या शाला बसना, नवीन साव, उमेश साव उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा साथ में पुस्तक वितरण किया गया। पंडा ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशी बच्चों को अच्छी पढाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जन्मजय साव एवं नवीन साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से गोवर्धन डड़सेना संकुल समन्वयक, शौकीलाल बारीक पूर्व शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश भोई, राजेश साव, सुजाता प्रधान, मंदाकिनी प्रधान, अनिता साहू, सीता साहू, अनुकृति साव का विशेष योगदान रहा। अंत में आभार प्रदर्शन दिनेश डड़सेना प्रधान पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीर कुमार बेहेरा प्रधान पाठक ने किया।

## बिछिया स्कूल के छात्र दुर्गेश ने एनएमएमएसई परीक्षा में मारी बाजी, विद्यालय का नाम किया रोशन

**बसना।** राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएसई) में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बिछिया के छात्र दुर्गेश भोई ने शानदार सफलता हासिल करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की है। दुर्गेश के इस चयन से स्कूल सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर संस्था के प्रधान पाठक रामनाथ साव ने हर्ष जताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय स्कूल के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही दिशा और मार्गदर्शन की जरूरत होती है। छात्र दुर्गेश भोई की इस सफलता के पीछे उनके मार्गदर्शन शिक्षक सुशील प्रधान की कड़ी मेहनत और कुशल मार्गदर्शन रहा है। शिक्षक सुशील प्रधान ने दुर्गेश को परीक्षा के पैटर्न, मानसिक योग्यता (एमएटी) और शैक्षणिक योग्यता (एसएटी) की बारीकियों को बहुत ही सरल तरीके से सिखाया। नियमित तैयारी और शिक्षक के सही दिशा-निर्देशन के कारण ही दुर्गेश ने राष्ट्रीय स्तर की इस कठिन परीक्षा को पास कर छात्रवृत्ति के लिए अपना स्थान पक्का किया। दुर्गेश की इस सफलता पर शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी), विद्यालय के अन्य शिक्षकों और ग्रामीणों ने मार्गदर्शन शिक्षक सुशील प्रधान की सराहना की है।

# श्रीराम प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेश उत्सव

**महासमुंद।** स्थानीय श्रीराम प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ऐतराम साहू (जिला अध्यक्ष, स्काउट एवं गाइड), एस. चंद्रसेन (जिला उपाध्यक्ष, स्काउट एवं गाइड), आनंद साहू (जिला उपाध्यक्ष, स्काउट एवं गाइड), राजेंद्र चंद्राकर (पूर्व पार्षद), मधु शर्मा (सेवानिवृत्त प्रधान पाठक), कुंती देवांगन (सेवानिवृत्त शिक्षिका), शाला समिति की अध्यक्ष प्रेमिन सांवरा एवं उपाध्यक्ष कल्याणी यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम, चमेली चंद्राकर, लक्ष्मी मानिकपुरी, गीता गोस्वामी, लीनू चंद्राकर, किशोर देवांगन, हेमंत चक्रधारी, शांति पुरेना, डिगेश पुरेना सहित पालकगण एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।



इस अवसर पर समाजसेवी ताराचंद चांडक द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के सभी बच्चों के लिए स्नेहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम नई उम्मीदों, आनंद और सकारात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिवार ने इसे बच्चों के शैक्षणिक जीवन की नई शुरुआत का प्रेरणादायी अवसर बताया।









## खबर संक्षेप



### तुमगांव स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**महासमुंद।** शिक्षा सत्र 2026-2027 के शुभारंभ के अवसर पर शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में प्रवेश उत्सव बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि राकेश तिवारी एवं पार्षद शिव यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों का मुंह मीठा कराकर प्रवेश दिलाया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख संगीता रात्रे, शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू, बलराम नेताम, प्रभा कोसले की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही पालकगणों में विमला बांधे, कुसमा कुर्रे, धनेश्वरी, कुमारी धीवर, परमानंद धीवर, रजवंतीन पटेल, शकुंतला, पिंकी जांगड़े, दीपिका निर्मलकर, नीरा, नर्मदा, उषा, चमारीन, रेवती पटेल एवं भागबती यादव सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिर का तीसरा स्थापना दिवस आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 21 जून रविवार को जय वीर बजरंगबली हनुमान मंदिर का तीसरा स्थापना दिवस मनाया जाएगा। सुबह 11 बजे भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की जाएगी। इस मौके पर विधिपूर्वक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

### नशामुक्ति के लिए लिया गया संकल्प

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला साराडीह में नशामुक्ति केंद्र मचेवा द्वारा विद्यार्थी व ग्रामीणों को नशामुक्ति संबंध के बारे में बताया गया। स्वास्थ्य शरीर, मानसिक शांति और घर परिवार का आर्थिक स्थिति को मजबूत रहते हैं। विद्यार्थी एवं ग्रामीणों ने नशा नहीं करने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्राम पंचायत साराडीह के सरपंच भारती साजन यादव, शाला के प्रधान पाठक राकेश जांगड़े, कन्हैया लाल साहू, शिक्षक माया चंद्राकर, निखिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

### राटापाली में मरार पटेल समाज की बैठक आज

**नर्रा।** मरार पटेल समाज नर्राराज के अंतर्गत ग्राम राटापाली में सामाजिक बैठक 21 जून रविवार को प्रातः 10 बजे से होगी। बैठक में खल्लारी राज के समाज पदाधिकारी शामिल होंगे। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने दी है। साथ ही समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधुओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### निधन

#### धरमू राम साहू



**महासमुंद।** शहर के वार्ड नंबर 26 क्लब पारा निवासी नगर पालिका के सेवानिवृत कर्मचारी धरमू साहू (84) का निधन हो गया। वे नगर पालिका सेवानिवृत कर्मचारी सेतराम साहू और टेकराम साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ।

---

**कार्यक्रम:** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में हुआ आयोजन

# आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश उत्सव मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बसना में प्रवेश उत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। प्राचार्य गिरिजा साहू के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करने का संदेश दिया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान गणेश के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। प्राचार्य गिरिजा साहू ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों, पालकों एवं विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं उत्कृष्ट व्यक्तित्व का विकास करना है। उन्होंने पालकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति, समय पर अध्ययन तथा विद्यालय की गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनके नए शैक्षणिक जीवन का शुभारंभ कराया। प्राचार्य गिरिजा साहू ने बच्चों को गुलाल का तिलक लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं लेखन सामग्री वितरित की गई, जिससे वे पहले ही दिन से अध्ययन प्रारंभ कर सकें। अपने संबोधन में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है और विद्यार्थी आज से ही अपने भविष्य की मजबूत नींव रख रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया तथा कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने पालकों से भी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी पढ़ाई में सहयोग करने की अपील की। प्राचार्य गिरिजा साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय उनके लिए ज्ञान का मंदिर है। उन्होंने बच्चों से भयमुक्त होकर विद्यालय आने, शिक्षकों का सम्मान करने, नियमित अध्ययन करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं नैतिक शिक्षा भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।

कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम से तेजस्वनी साव ने 89.8 प्रतिशत एवं तस्मियां खान ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं हिंदी माध्यम से भावेश प्रधान ने 90.2 प्रतिशत तथा मीमसाद खान ने 84.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए। कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम से हितेश पटेल ने 92.17 प्रतिशत एवं खुशी विशाल ने 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं कक्षा 10वीं हिंदी माध्यम से हेमंत साव ने 87.5 प्रतिशत तथा लक्ष्मीप्रसाद साखरे ने 86.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। सभी मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. खुशबू अग्रवाल (अध्यक्ष, नगर पंचायत), शीत गुप्ता (उपाध्यक्ष, नगर पंचायत), रमेश अग्रवाल (वरिष्ठ भाजपा नेता), नरेंद्र यादव (मंडल अध्यक्ष), नवीन भट्ट (महामंत्री, युवा मोर्चा), अमृत चौधरी (भाजपा नेता), लोकनाथ डडसेना (सांसद प्रतिनिधि), संगीता नायक (पार्षद), बद्री विशाल जोल्हे (विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बसना), अनिल साव (बीआरसी) तथा एनएल भोई (अध्यक्ष, एसएमडीसी) सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालय परिवार, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, पालकों एवं विद्यार्थियों के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया गया।

---

## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली में निलेंद्र ऑटो केयर के संचालक ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए ढेर सारी कॉपियां एवं पेन बांटे। यह कार्यक्रम पिछले शिक्षण सत्र 2025-26 में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित किया गया।

संस्था प्रमुख गिरधारी साहू ने पिछले सत्र में विद्यालय में हुई गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि ये सभी उपलब्धियां शिक्षक, छात्र और समुदाय के मिले-जुले प्रयास से ही संभव हो पाईं। शिक्षक वीरेंद्र कुमार कर ने बताया कि बीते सत्र में कब-बुलबुल की टीम ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम बिलासपुर में विभिन्न गतिविधियों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रजत जयंती कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष बच्चों ने गणित का प्रदर्शन किया। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शामिल होकर स्कूल के बच्चों ने पूरे जिले में प्रथम एवं बारहवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रवेश उत्सव 2026-27 के लिए चल संगी स्कूल जाबो जी एलबम की भी चर्चा की गई। बच्चों को संबोधित करते हुए निलेंद्र पटेल ने कहा कि आप सभी बहुत भाग्यशाली हैं कि आपको अच्छी शिक्षा-दीक्षा मिल रही है। उन्होंने बच्चों से नियमित विद्यालय आने का आग्रह किया। शिक्षिका निर्मला नायक ने भी विद्यालय की संपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उक्त जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी वीरेंद्र कुमार कर ने दी।

---

## भूमि असिंचित से सिंचित करने किसान लगा रहा है तहसील कार्यालय का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



एक किसान अपनी समस्या लेकर पटवारी कार्यालय में गुहार लगा रहा है। लेकिन, समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है। किसान ने कहा कि मेरे कृषि भूमि का रकबा असिंचित उल्लेख है। जिस पर पटवारी द्वारा तहसीलदार से संपर्क कर आदेश सुधार के लिए आवेदन मंगवाया गया।

किसान ने लाचार होकर तहसील कार्यालय तहसीलदार को समस्या बताई, तब पटवारी प्रतिवेदन की मांग की गई। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोविंदराव नागपुरे बिंद्रावन ने जिला प्रशासन से प्रत्येक पटवारियों के लिए दिशा निर्देश जारी करने की मांग की है, जिसमें रकबा में कमियां, अधिक सिंचित, असिंचित नामांतरण के अनुसार पटवारी अभिलेख में सुधार, नक्शों में जहां त्रुटि हो शासन को अवगत कराकर नक्शे में सुधार करने, भूलवश किसी कृषक के नाम का त्रुटि हो सुधार करें, परिवार में छूटे व्यक्तियों का पूर्व में शासन द्वारा भू अर्जित भूमि का रिकार्ड शासन के निर्देशानुसार रखने का अधिकार, पटवारी के मुख्यालय में बैठने का समय दिन निर्धारित हो। पटवारी द्वारा प्रतिदिन कृषकों एवं शासकीय कार्य के लिए फार्म हो। पटवारी के कर्तव्य पर भी शासन दिशा-निर्देश दे और पटवारी कार्यालय में इसका स्पष्ट उल्लेख हो।

---

## प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में विधायक ने किया प्रबुद्धजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर विभिन्न रचनात्मक व गौरवशाली कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के नेतृत्व में बसना, बोईरडीह, जोगीदादर (पिरदा) और प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला (पिरदा) में प्रबुद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विधायक अग्रवाल ने घर घर जाकर नागरिकों का सम्मान किया। साथ ही मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को बताया। इन कार्यक्रमों में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, वरिष्ठजनों और समाजसेवियों को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### समाज के मार्गदर्शक हैं प्रबुद्धजनः विधायक

कार्यक्रम की शुरुआत बसना नगर के बाबा कुटी निरंजन धर्मशाला से हुई। यहां उपस्थित प्रबुद्धजनों का सम्मान शॉल, श्रीफल एवं ₹विरासत भी विकसित भी₹ किताब देकर किया। पश्चात विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि प्रबुद्ध नागरिक हमारे समाज की रीढ़ और सच्चे मार्गदर्शक हैं। एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में बुद्धिजीवियों का योगदान अतुलनीय है। आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर एक नई पहचान बना चुका है, और इसमें आप सभी प्रबुद्धजनों के सकारात्मक विचारों का बहुत बड़ा हाथ है।

इस कार्यक्रम में उसतदास महिमा सन्यासी बाबा, बसना के बाबा कुटी अलेख निरंजन आश्रम से देवराज दास का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश अग्रवाल, बसना मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष भाजपा अमृत लाल चौधरी, जिला सह संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदीप दास, युवा मोर्चा महामंत्री नवीन भट्ट उपस्थित रहे।

---

## राहुल के जन्मदिवस पर श्रमिकपारा में सेवा और सद्भाव का संदेश, बच्चों व महिलाओं को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस पर डबरापारा मोहल्ले के श्रमिकपारा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा और जनसंपर्क आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों की सहभागिता के बीच केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया।



कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष लखबीर सिंह छाबड़ा ने किया। उन्होंने राहुल गांधी के जीवन परिचय एवं उनके जनहितकारी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राहुल गांधी लगातार किसानों, मजदूरों, युवाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों की आवाज उठाते रहे हैं तथा लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत हैं।

इस अवसर पर फिरोज मेमन ने कहा कि राहुल गांधी आम जनता की समस्याओं को समझने वाले संवेदनशील नेता हैं, जो समाज के कमजोर वर्गों के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। वहीं देवेश साहू ने कहा कि राहुल गांधी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक समानता जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर देश के भविष्य को मजबूत बनाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकपारा की महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जन्मदिन के अवसर पर केक काटा गया तथा उपस्थित बच्चों, महिलाओं और क्षेत्रवासियों को फल वितरित किए गए। आयोजन में सेवा, सद्भाव और जनकल्याण का संदेश प्रमुखता से देखने को मिला।

इस अवसर पर देवेश साहू नगर पालिका उपाध्यक्ष, फूल सिंह ध्रुव, पोखराज साहू, पंकज हरपाल, ताम्रध्वज बघेल, नवनीत सलूजा, भक्तराम मांझी, मयंक शर्मा, लोकेश उईके, अजय ठाकुर, खोमेश साहू, बाबला निषाद, लोकेश दीवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, मोहल्लेवासी एवं श्रमिकपारा के नागरिक उपस्थित रहे।

---

## कांपा में विधायक सिन्हा ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से की भेंट मुलाकात

**महासमुंद।** महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शनिवार को ग्राम कांपा में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी। उनसे चर्चा कर समस्या के उचित निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित भी किया। वहीं इस अवसर पर सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी हुआ।



बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांव पहुंचकर आमजन से सौजन्य मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं मांगों से रूबरू हो रहे हैं। इसी तारतम्य में शनिवार को वें ग्राम कांपा पहुंचे। वहां उन्होंने जन चौपाल लगाई। ग्रामीणों ने गांव में निर्माण कार्य, बिजली संबंधी सहित अन्य मांगों को विधायक के समक्ष रखी। विधायक सिन्हा ने आवश्यकता अनुसार उनकी मांगों के उचित निराकरण का आश्वासन दिया। अंत में उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को उपहार एवं नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष तेजेंद्र शर्मा, वरिष्ठ नेतागण मोतीराम साहू, योगेश्वर चंद्राकर, शोभाराम साहू, पप्पू पटेल, कमलेश निषाद, रुपेश बघेल, द्रोणाचार्य साहू, सरपंच विकास चंद्राकर, उपसरपंच अनुपा यादव, मानिक सोनवानी, शरद मराठा, कुलेश्वरी साहू, भोज साहू, टाकेश्वर बंजारे, फूलचंद यादव, लखनलाल खंडेलवाल, कुबेर युगर, दाऊ बंजारे, बुधवंतीन भारती, राधिका सोनी, हीरा साहू, नारायण साहू, भारती सोनी, गुमान दास, कौशिल्या गायकवाड़, परमीला साहू, नरसिंग यादव, नवलकिशोर आदि मौजूद रहे।

---

## योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर स्वस्थ एवं समृद्ध राष्ट्र का आधारः येतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक माध्यम है। भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा से प्राप्त यह अमूल्य विरासत आज संपूर्ण विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता मिली, जिसके बाद योग जन-जन का वैश्विक अभियान बन गया है। आज करोड़ों लोग योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में अपनाकर स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। ऐतराम ने कहा कि योग व्यक्ति में आत्मविश्वास, संयम और कार्यक्षमता का विकास करता है तथा समाज में स्वास्थ्य, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। विकसित भारत के निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और योग इस दिशा में एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं विद्यार्थियों से नियमित योग करने तथा अपने परिवार और समाज को भी योग से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि ₹नियमित योग अपनाएं, निरोग जीवन पाएं और स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करें।



---

## गौवंश नंदीबाबा सांड का सनातन हिंदू धर्मानुसार विधिवत अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना/सरायपाली

ग्राम मनकी निवासी गौ पालक व शिक्षक राजेंद्र सिंह सिदार द्वारा विगत 17 मई 2021 को गौवंश संवर्धन नश्ल सुधार गौधन विकास समृद्धि के लिए अपने पूर्वजों के निर्मित भगवान शिव मंदिर मंदिर में विधिवत पूजा-पाठ कर नंदी बाबा सांड साहिवाल नश्ल को स्वेच्छा से छोड़ा गया था। भारी-भरकम मजबूत शरीर के साथ सीधा-साधा व शांत स्वभाव होने के कारण ग्राम मनकी के ग्रामवासी धार्मिक श्रद्धा भावना से महाकाल भगवान शिव महादेव के वाहन नंदी महाराज के रूप में आस्था से बाबा नाम से बुलाकर हाथ सहलाकर लाड़ प्यार दुलार से गौ भोजन, घास, चारा रोटियां खिलाया करते थे। जिससे मनकी-तोषगांव व आस पास गांवों के गौपालकों के गौधन साहिवाल नश्ल में काफी सुधार हुआ है।

विगत दिवस 16 जून को ग्राम के निकट बहने वाली सुरंगीनाला में लोगों द्वारा विभिन्न आयोजनों में भोजन के लिए प्रयुक्त थर्मोकोल दोना पत्तल डिस्पोजल पॉलीथीन कचड़ा आदि को ट्रैक्टर ट्राली एकत्रित कर सुरंगीनाला में फेंके जा रहे हैं। इन विषाक्त जूठन थर्माकोल पत्तल मीठी नमकीन कचड़ों आदि को खा लेने से घर में नंदी बैल का पेट फूल गया। पशु चिकित्सकों से लगातार तीन दिवस तक चिकित्सा करवाने के उपरांत 19 जून 2026 को दुःखद मृत्यु हो गई। इन दिनों मनुष्यों द्वारा खाद्य व भोज्य पदार्थो के लिए अपर्यावरणीय प्लास्टिक थर्माकोल पॉलीथिन युक्त संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग और लापरवाही से पर्यावरण प्रदूषित के साथ बेजुबानों गौधन पशु पक्षियों की अकाल मौतें हो रही हैं। भारी-भरकम 3 क्विंटल से ऊपर वजनी नंदी सांड के मृत शरीर को घर से निकालने और उठाने के लिए जेसीबी मशीन का सहारा लेना पड़ा। गौ पालक शोकाकुल सिदार परिवार ने मृत नंदी बाबा सांड को नम आंखों से धूप-दीप से आत्मा शांति के लिए प्रार्थना आरती तथा माला पहनाकर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर ट्रैक्टर में शव यात्रा निकालकर अंतिम विदाई गांव के गौठान में सनातन हिंदू धर्म के मान्यतानुसार मिट्टी संस्कार किया गया और नंदी बाबा के स्मृति में नाम एक वट (बरगद) पौधरोपण किया गया है।



अंतिम संस्कार में विशेष रूप से राजेंद्र सिंह सिदार, युधिष्ठिर सिदार, उग्रसेन जगत, विदेशी यादव, खूबसिंह नाग, सुरेश साहू, पूरन नाग, ओम गणपति सिदार, डुलामणी सिदार, प्रफुल्ल मलिक, शशिधर साहू, सुकलाल नाग, जगन्नाथ मांझी, कन्हैयालाल सिदार, भागरथी चौहान, पवन तांडी, पुस्तम सिदार, रघुनाथ सिदार आदि ग्रामीणजनों का सराहनीय सहयोग रहा।